GLIBS.in

नकली तंबाकू गिरोह का भांडाफोड़ : पुलिस ने 3 तस्करों को रंगे हाथों किया गिरफ्तार

रायपुर । तखतपुर पुलिस ने नकली तंबाकू गिरोह के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में बिलासपुर निवासी आकाश ढोढवानी, दीपक आहूजा और कोरबा निवासी अंशुल हंसराजानी शामिल हैं। पुलिस ने इनसे 60 से 70 बोरियों में लाखों रुपये का तंबाकू जब्त किया है, जो कि मार्केट में बिक्री के लिए तैयार था।

बता दें कि मार्केट में बढ़ते नशे के बीच तंबाकू की पकड़ मजबूत बनी हुई है। इस स्थिति का फायदा उठाते हुए यह नकली तंबाकू गैंग लंबे समय से सक्रिय था, जो तंबाकू में अमानक पदार्थ मिलाकर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहा था। इस गिरोह ने बाजार में नकली तंबाकू का जखीरा उतारा, जो दिखने में असली तंबाकू को भी मात दे रहा था। हालांकि, बाजार में तंबाकू की खपत और असली कंपनी की सप्लाई ने इस नकली गिरोह की तस्करी का भंडाफोड़ कर दिया।

पुलिस के अनुसार, इस गिरोह ने मेघना तंबाकू कंपनी के नाम से नकली उत्पाद बनाकर बाजार में सप्लाई की थी। जब मेघना कंपनी के मालिक को इस गतिविधि की भनक लगी, तो उन्होंने तखतपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच शुरू की। थाना प्रभारी ने आरोपियों के ठिकानों का पता लगाने के लिए टीम गठित की, जिसने इनकी गिरफ्तारी की।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के घरों पर छापेमारी की गई, जहां से नकली तंबाकू की 60-70 बोरियां और तंबाकू पैकिंग करने वाली मशीनें बरामद की गईं। इस दौरान पुलिस ने तंबाकू फैक्ट्री में इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी जब्त किए। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों का पता लगाया जा सके और उन्हें भी गिरफ्तार किया जा सके।

Source: https://glibs.in/fake-tobacco-gang-busted-police-arrested-3-smugglers-red-handed/